RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 132 • 25:05:2024 • शनिवार • मूल्य : 5/-

# दक्षिण में झमाझम बारिश से 'सुहाना' हुआ मौसम

● उत्तर और पश्चिम भारत में भीषण गर्मी ने तोड़े सारे रिकार्ड ● केरल में जोरदार बारिश, पेड़ गिरे और सड़कों पर जलभराव

**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** केरल में मानसून से पहले ही जोरदार बारिश हो रही है। एर्नाकुलम के कुछ हिस्सों में जलजमाव की स्थिति बन गई है। सड़कों पर पानी जमा हो गया है और गाड़ियों उसके बीच से गुजरती देखी जा सकती हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने शहर में आज के लिए भारी से बहुत भारी बारिश का अनुमान जताया है और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, लगातार बारिश के कारण त्रिशूर के सेंट थॉमस रोड इलाके में एक पेड़ गिर गया जिससे कुछ वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। हालांकि, फायर सर्विस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और सड़क को साफ किया गया। राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश जारी है जिससे तिरुवनंतपुरम, कोच्चि और त्रिशूर सहित प्रमुख शहरों में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई। आईएमडी ने गुरुवार को एर्णाकुलम और त्रिशूर जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया किया। इससे पहले इन दोनों स्थानों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया था। मौसम विभाग ने राज्य के



पथानमथिट्टा, अलप्पुझा, कोट्टायम, इडुक्की, पलक्कड़, मलप्पुरम, कोझिकोड और वायनाड जिलों में भी ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने राज्य के लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच फेसबुक पर कहा, थोड़े समय के भीतर होने वाली तीव्र बारिश से अचानक बाढ़ आ सकती है। शहरी और निचले इलाके विशेष रूप से जलभराव की चपेट में हैं। लंबे समय तक बारिश से भूस्खलन भी हो सकता है। लोगों को ऐसे मौसम के दौरान होने वाली घटनाओं के दौरान सावधानी बरतनी चाहिए। वर्तमान में राज्य भर में लगे 8 राहत शिविरों में 223 लोगों को रखा गया है। भारी बारिश के कारण कोच्चि के बस अड्डा परिसर में भी जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई है। टीवी चैनलों पर जारी फुटेज के अनुसार, कोच्चि शहर की कई प्रमुख सड़कें जलमग्न होने से यातायात अवरुद्ध हो गया है। पुलिस अधिकारियों को शहर के विभिन्न स्थानों पर वाहनों का मार्ग बदलवाते हुए देखा जा सकता है। केरल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, 19 से 22 मई तक राज्य में बारिश से संबंधित विभिन्न घटनाओं में चार लोगों की मौत हो चुकी है। इस दौरान कुल 76 घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए जबकि तीन घर पूरी तरह ध्वस्त हो गए। वहीं उत्तर भारत में गर्मी ने अब तक के सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं। पारा 49 तक पहुंच रहा है और शहर भट्ठी की तरह जल रहे हैं। राजस्थान में 8 लोगों की मौत हो गई है। भारी बारिश को देखते हुए तिरुवनंतपुरम और कोट्टायम जिलों में दो राहत शिविर लगाए गए हैं। राज्य भर से सड़कों और कृषि को व्यापक नुकसान की भी खबरें मिली हैं।

## शरीर के कई टुकड़े कर डाले और खाल तक उतार ली

**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता में बांग्लादेशी सांसद अनवरुल अजीम अनार की संदिग्ध परिस्थितियों की मौत के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने ऐसी बातें कबूल की हैं जो कि रोंगटे खड़े कर देने वाली हैं। रिपोर्ट के मुताबिक आरोपी ने कबूल किया कि उसने चार लोगों के साथ मिलकर हत्या की और फिर शव से चमड़ी तक उतार ली। इसके बाद मांस को नोचकर हड्डियां तोड़ दीं और अलग-अलग पैकेट में पैक करके दफनाने निकल पड़े। कोलकाता न्यू टाउन में सांसद की एक किराए के मकान में मौत हो गई थी। सूत्रों का कहना है कि सांसद के एक दोस्त ने ही उनकी हत्या की सुपारी दी थी जो कि उनका बिजनेस पार्टनर भी था। सुपारी देने वाले का नाम अख्तरुज्जमान बताया गया है जो कि एक अमेरिकी नागरिक है। एक आईपीएस अधिकारी ने बताया, आरोपी की पहचान जिहाद हवलदार के रूप में की गई है।



## 8 नक्सलियों के एनकाउंटर के बाद माओवादियों का पत्र

**जगदलपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ में गुरुवार को 8 नक्सलियों के एनकाउंटर के बाद माओवादियों ने सरकार से बातचीत करने की बात कही है। नक्सलियों की सेंट्रल कमेटी के सदस्य ने सरकार को पत्र लिखा। इसमें लिखा कि खून-खराबा रोकने हम बातचीत के लिए तैयार हैं। गुरुवार शाम को रेकावाया गांव के पास मारे गए 8 माओवादियों के शव बरामद किए गए थे। सभी शवों को लेकर जवान दंतेवाड़ा पहुंच रहे



हैं। घटनास्थल से भारी मात्रा में हथियार भी मिले हैं। मारे गए नक्सलियों की अभी पहचान नहीं हुई है। पुलिस को सूचना मिली थी कि अबूझमाड़ के रेकावाया इलाके में नक्सलियों की प्लाटून नंबर 16 और इंद्रावती एरिया कमेटी के नक्सली मौजूद हैं। जवानों को नक्सलियों की सटीक लोकेशन मिल गई। तब इलाके की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए तीन जिलों की पुलिस को ऑपरेशन के लिए उतारा गया।

डोंबिवली बॉयलर ब्लास्ट

## फैक्ट्री मालिकों पर एफआईआर दर्ज, आरोपी फरार

**ढाणे (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के डोंबिवली में केमिकल फैक्ट्री ब्लास्ट में मौत का आंकड़ा बढ़कर 10 हो गया है। पुलिस ने केमिकल फैक्ट्री अमुदन केमिकल प्राइवेट लिमिटेड के मालिकों और स्टॉफ के खिलाफ केस दर्ज किया है। फिलहाल सभी आरोपी फरार हैं। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 5



टीमें बनाई हैं। तलाश जारी है। पुलिस के मुताबिक, कंपनी ने रॉ मैटेरियल के स्टोरेज में लापरवाही बरती, जिससे ब्लास्ट हुआ। स्थानीय लोगों ने बताया कि छोटे-छोटे लगातार तीन धमाके हुए थे। ये इतने तेज थे कि लगभग 3 किमी तक सुनाई दिए। आसपास की इमारतों के शीशों में दरारें आ गईं। वहीं, विस्फोट की वजह से आसपास के कई घर क्षतिग्रस्त हो गए। यह फैक्ट्री बंद थी। मरने वालों में ज्यादातर लोग पास के हैं।

## देश के 8 राज्यों की 58 सीटों पर वोटिंग आज

● मनोज तिवारी, कन्हैया कुमार और मेनका गांधी मैदान में, पूर्व हाईकोर्ट जज भी चुनाव लड़ रहे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 2024 लोकसभा चुनाव के छठे फेज में शनिवार को 7 राज्यों और 1 केंद्र शासित प्रदेश की 58 सीटों पर वोटिंग होगी। जम्मू-कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी सीट पर तीसरे फेज में चुनाव होना था, लेकिन इसे स्थगित कर दिया गया था। अब यहां छठे फेज में वोटिंग हो रही है। 2019 में इन सीटों पर सबसे ज्यादा भाजपा 40, बसपा 4, बीजेडी 4, सपा 1, जेडीयू 3, टीएमसी 3, एलजेपी 1, आजसू 1 सीट जीती थीं। कांग्रेस और एएपी अपना खाता भी नहीं खोल सकी थीं। इस फेज में 3 केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, कृष्ण पाल सिंह गुर्जर और राव इंद्रजीत सिंह मैदान में हैं। 3 पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती, मनोहर लाल खट्टर और जगदंबिका पाल भी चुनाव लड़ रहे हैं। इनके अलावा मनोज तिवारी, मेनका गांधी, नवीन जिंदल, बांसुरी स्वराज, संबित पात्रा, राज बब्बर, निरहुआ भी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक, इलेक्शन के छठे फेज में 889 कैंडीडेट्स चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें 797 पुरुष और 92 महिला उम्मीदवार हैं। इस फेज में सबसे अमीर प्रत्याशी भाजपा उम्मीदवार नवीन जिंदल हैं।



## मालीवाल केस में बिभव कुमार को राहत नहीं

● फिर मिला झटका, कोर्ट में पेशी के बाद भेजे गए जेल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट मामले में गिरफ्तार अरविंद केजरीवाल के पीए बिभव कुमार को अभी कोर्ट से राहत मिलती नजर नहीं आ रही है। कोर्ट ने अब बिभव को 4 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। यानी बिभव अब 28 मई तक जेल में रहेंगे। इससे पहले कोर्ट ने उन्हें 5 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा था। हिरासत की अविध आज खत्म होने पर बिभव को कोर्ट में पेश किया गया जहां से उन्हें 4 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। बता दें, स्वाति मालीवाल ने बिभव कुमार पर मारपीट का आरोप लगाया है। उनका आरोप है कि 13 मई को जब वह केजरीवाल से उनके घर मिलने गईं, तब बिभव ने उन्हें बेरहमी से मारा और धमकी भी दी। शिकायत के मुताबिक बिभव ने उन्हें 7-8 थप्पड़ मारे और नीचे घसीटा। इसके बाद उन्हें लात भी मारी। स्वाति मालीवाल की तरफ से एफआईआर दर्ज कराए जाने के बाद पुलिस ने बिभव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बिभव को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें 5 दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया। इस दौरान पुलिस क्राइम सीन री-क्रिएट करने के लिए बिभव को दाबारा सीएम आवास भी ले गई।

## हरियाणा में भीषण सड़क हादसा, 7 लोगों की मौत

वैष्णो देवी जा रहे श्रद्धालुओं से भरा ट्रैवलर ट्राले से टकराया

**अंबाला (एजेंसी)।** हरियाणा के अंबाला में गुरुवार देर रात करीब 2 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक परिवार के 7 लोगों की मौत हो गई। वहीं, करीब 19 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि ये लोग उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर के रहने वाले हैं। सभी एक ट्रेवलर में सवार होकर जम्मू में माता वैष्णो देवी के दर्शन करने जा रहे थे। इसी दौरान अंबाला-दिल्ली के मोहड़ा में हाईवे पर इनका वाहन एक ट्रॉले से टकरा गया। ट्रेवलर में बच्चे और महिलाएं भी सवार थीं। ट्रेवलर में कुल 26 श्रद्धालु थे। हादसा इतना भयानक था कि ट्रेवलर पूरी तरह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें सवार श्रद्धालुओं में चीख पुकार मच गई। सूचना मिलने के बाद पड़ाव थाना पुलिस मौके पर पहुंची। कुछ श्रद्धालु ट्रैवलर में ही फंस गए थे। इन्हें राहगीरों और पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायल श्रद्धालुओं को अंबाला कैंट के सिविल अस्पताल में पहुंचाया।



पीएम मोदी ने करतारपुर साहिब का जिक्र कर खेला बड़ा दांव

## पटियाला की रैली में पीएम नरेंद्र मोदी ने करतारपुर साहिब को लेकर कांग्रेस को घेरा

● 1971 के भारत-पाक युद्ध में विजेता की तरह समझौते नहीं का परोक्ष आरोप भी जड़ा

चंडीगढ़ (एजेंसी)। पटियाला की रैली में पीएम नरेंद्र मोदी ने सिख वोटरों के नब्ज पर हाथ रखने की कोशिश की। उन्होंने रैली में करतारपुर कॉरिडोर को भारत में नहीं होने पर अफसोस जाहिर किया। पीएम मोदी ने लोगों को याद दिलाई कि अगर 1971 के युद्ध में विजयी होने के बाद तत्कालीन कांग्रेस की सरकार मोलतोल करती तो करतारपुर साहिब भारत का हिस्सा होता। उन्होंने कहा कि 1971 के भारत-पाक युद्ध में 90 हजार से अधिक पाकिस्तानी सैनिकों ने आत्मसमर्पण किया था। अगर उस दौर में वह सत्ता में होते तो पाकिस्तानी सैनिकों की रिहाई से पहले करतारपुर साहिब ले लेते। पाकिस्तानी सेना के जुल्मों से तंग आकर 1970 की शुरुआत में ही पूर्वी पाकिस्तान के शरणार्थी भारत में आने लगे थे। इस बीच अलग बांग्लादेश की मांग को लेकर आवामी लीग नेता शेख मुजीबुर्रहमान की मुक्तिवाहिनी ने पाकिस्तानी सेना के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। शरणार्थियों की बढ़ती संख्या के बाद भारत ने इसमें हस्तक्षेप किया और पाकिस्तान ने युद्ध की घोषणा कर दी। दिसंबर 1971 में 13 दिनों तक संघर्ष चला। भारतीय सेना ने 93 हजार पाकिस्तानी सैनिकों और रजाकारों को सरेंडर करने के लिए बाध्य किया। 16 दिसंबर को जनरल नियाजी ने सरेंडर पत्र पर दस्तखत किए और नया बांग्लादेश के जन्म के साथ ही पाकिस्तानी सैनिकों की रिहाई शुरु हो गई। करीब 6 महीने बाद दो जुलाई 1972 को भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पाकिस्तान पीएम जुल्फिकार अली भुट्टो के बीच शिमला समझौता हुआ। जीत के बाद भी भारत ने लाइन ऑफ कंट्रोल को सितंबर 1971 की स्थिति को मान्यता दी। साथ ही यह तय किया गया कि दोनों देश कश्मीर समेत द्विपक्षीय मामलों को बिना किसी मध्यस्थता से आपस में सुलझाएंगे। एक्सपर्ट मानते हैं कि इस समझौते में भारत ने ऐसी शर्त नहीं रखी, जिससे पाकिस्तान कमजोर हो। इस समझौते को विवादित मुद्दों से दूर रखा गया। पीएम मोदी ने इसी चूक के जरिये निशाना साधने की कोशिश की।



## देवेगौड़ा ने ही पोते को भेजा विदेश, अब दिखावा कर रहे

पूर्व पीएम पर कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया का पलटवार

बेंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने दावा किया है कि पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने ही यौन उत्पीड़न के आरोपों के बीच अपने पोते प्रज्वल रेवन्ना को पिछले महीने जर्मनी भागने में मदद की थी। सिद्धारमैया का चौंकाने वाला बयान ऐसे समय में आया है जब जनता दल (सेक्युलर) के संरक्षक एवं पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने अपने पोते और पार्टी के निलंबित सांसद प्रज्वल रेवन्ना को कड़ी 'चेतावनी' जारी की और उससे देश लौट कर यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच का सामना करने को कहा है। सिद्धारमैया ने कहा, मुझे लगता है कि देवेगौड़ा ने खुद प्रज्वल को भेजा था। अब उनके द्वारा लिखा गया पत्र केवल जनता की सहानुभूति के लिए है। एक दिन पहले देवेगौड़ा ने यह भी कहा कि जांच में उनके या परिवार के अन्य सदस्यों की तरफ से कोई हस्तक्षेप नहीं होगा। प्रज्वल पर कई महिलाओं का यौन शोषण करने का आरोप है। वह अप्रैल के अंतिम सप्ताह में कथित रूप से जर्मनी चला गया था। देवेगौड़ा ने उससे कहा कि वह भारत लौटे और पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करे। जद (एस) प्रमुख ने दोहराया कि उनके पोते को दोषी पाए जाने



पर÷ कानून के तहत कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए। देवेगौड़ा (92) ने एक बयान में कहा, इस समय, मैं केवल एक ही काम कर सकता हूं कि मैं प्रज्वल को कड़ी चेतावनी दे सकता हूं और उससे कह सकता हूं कि वह जहां भी है भारत लौट आए।

## आजम खान और परिवार को हाईकोर्ट से मिली बड़ी राहत

● दो जन्म प्रमाणपत्र मामले में मिली जमानत

प्रयागराज (एजेंसी)। सपा नेता आजम खान, उनकी पत्नी तंजीन और बेटे अब्दुल्ला को दो जन्म प्रमाण पत्र के मामले में बड़ी राहत मिल गई है। हाईकोर्ट ने तीनों की सजा पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही तीनों को जमानत भी दे दी है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह ने आजम खान, तंजीन और अब्दुल्ला आजम की आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर यह फैसला सुनाया है। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद 14 मई को फैसला सुरक्षित कर लिया गया था। तीनों फिलहाल अलग अलग जेलों में बंद हैं। हाईकोर्ट से जमानत के बाद भी केवल तंजीन ही बाहर आ सकती हैं। आजम खान को डूंगरपुर मामले में सात साल और छजलैट मामले में भी दो साल की सजा मिली हुई है। इसी तरह अब्दुल्ला दो साल की सजा मिली हुई है।

## चुनाव चल रहा है, हम आयोग को अभी कोई निर्देश नहीं देंगे

● मतदान आंकड़े अपलोड करने को लेकर एससी की दो टूक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट (एससी) ने शुक्रवार को एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें निर्वाचन आयोग को केंद्रवार मतदान प्रतिशत के आंकड़े अपनी वेबसाइट पर अपलोड करने के निर्देश देने का अनुरोध किया गया था।



याचिका में प्रत्येक बूथ पर मतदान समाप्त होने के 48 घंटों के भीतर डाले गए और/या खारिज किए गए वोटों सहित मतदान प्रतिशत डेटा जारी करने की मांग की गई थी।

हालांकि शीर्ष अदालत ने इन याचिकाओं को लोकसभा चुनाव के बाद तक के लिए स्थगित कर दिया है। अदालत की एक अवकाशकालीन पीठ ने तर्क दिया कि अगर इस पर तत्काल फैसला दिया जाता है और प्रक्रिया को बीच में ही बदला जाता है तो इससे चुनाव के दौरान चुनाव आयोग पर अधिक बोझ पड़ सकता है। पीठ ने यह भी कहा कि सात में से पांच मतदान चरण पूरे हो चुके हैं और परिणाम दो सप्ताह से भी कम समय में 4 जून को आने वाले हैं। न्यायालय ने कहा कि निर्वाचन आयोग के लिए वेबसाइट पर मतदान प्रतिशत के आंकड़े अपलोड करने के काम में लोगों को लगाना मुश्किल होगा। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि वह फिलहाल ऐसा कोई निर्देश जारी नहीं कर सकती क्योंकि चुनाव के पांच चरण संपन्न हो चुके हैं और दो चरण बाकी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### आर्यभट्ट विश्वविद्यालय के छात्रों ने किया सड़क जाम, परीक्षा में कम नंबर आने से थे नाराज



**पटना।** पटना के जक्कनपुर थाना क्षेत्र में आर्यभट्ट विश्वविद्यालय के मेडिकल के छात्र कम नंबर आने के विरोध में सड़क पर उतरे। छात्र विश्वविद्यालय के सामने ही गाड़ियों को रोककर खड़े हो गए। इससे गाड़ियों की लंबी लाइन लग गई। जक्कनपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर छात्रों से बातचीत कर उनको समझा-बुझाकर कॉलेज परिसर के अंदर भेज दिया। इसके बाद मीठापुर मुख्य मार्ग पर गाड़ियों की आवाजाही जारी है।

### किसका कितना बोट घटा , किसका बढ़ा आज इवीएम में बंद हो जायेगा

**रात भर रातजगा करते रहे प्रत्याशी एवं उनके समर्थक वोट की प्रतिशत 65 पार करने की संभावना**

**चाणक्य भूमि के लिये सुनील दुबे की विशेष रिपोर्ट**

**चाणक्यभूमि बेतिया।** शुक्रवार की रात प्रत्याशियों एवं उनके प्रबल समर्थकों- कार्यकर्ताओं के लिए रातजगा की रात थी। दलीय हो या निर्दलीय सभी उम्मीदवारों के हलक सुख रहे थे। प्रचार तो थम गया लेकिन जन सम्पर्क देर रात तक चलता रहा। वही बूथों की कमान सँभालने की जिम्मेवारी लिए कार्यकर्ता अपनी बूथ तैयारी के अंतिम रूप देने में लगे रहे। किस उम्मीदवार का कितना वोट बढ़ा है, कितना किस उम्मीदवार को वोट घट कर किसके साथ जुटा है, का गुणा -भाग आज इवीएम में बंद हो जायेगा जो आसार नजर आरहे है, उसके अनुसार वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र में त्रिकोणात्मक संघर्ष की संभावना है। वही पश्चिम चम्पारण लोकसभा क्षेत्र में राजग गठबंधन एवं इण्डी गठबंधन के बीच आमने सामने के टक्कर होने की संभावना से इंकार नहीं किया जासकता। [मौसम का प्रचंड रूप है, तेज धूप होरही है। बावजूद दोनो ही लोकसभा क्षेत्र में 60-65% प्रतिशत से ज्यादा मतदान होने की संभावना है। जिला पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी दिनेश कुमार राय के भोजपुरिया लहजे में की गयी अपील तथा प्रशासन द्वारा चलाये गये मतदान जागरूकता अभियान का असर पड़ेगा । मतदाताओं ने भी ठान किया है, कि मौसम का हाल जो भी रहेगा, मतदान तो करेंगे ही। यही नहीं बच्चे भी मतदान के प्रति जागरूक है। विभालयों में पढ़ाये गये पाठ के अनुसार, वे अपने घरों के लोगों की 'मतदान जरूर जाकर करें का पाठ पढ़ा रहे हैं।




### 8 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला आज हो जायेगा ई वी एम में बंद

**चाणक्य भूमि बेतिया** 1756 मतदान केंद्रों पर 17 लाख 59 हजार 210 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सभी उम्मीदवारों के भाग्य का करेंगे फैसला। लोकसभा चुनाव के लिये 1756 मतदान केंद्र बनाये गये है जहां सुरक्षा की पुख्ता वयवस्था की गई है ताकि मतदाता निर्भीक होकर अपने मत का प्रयोग कर सके। सुरक्षा व्यवस्था में पारा मिलिट्री फोर्स, सीएपीएफ, बिहार पुलिस सहित कई विभाग के जवानों को लगाया गया है। शनिवार को होने वाले मतदान के लिए शुक्रवार को पोलिंग पार्टी डिस्पैच सेंटरों से रवाना हुई। पोलिंग पार्टी को मतदान केंद्रों पर पहुंचाने व लाने में किसी तरह की परेशानी नहीं हो, इसको लेकर 1807 वाहनों की वयवस्था की गई थी। लोकसभा चुनाव को लेकर चंपारण रेंज के डीआईजी जयंतकांत ने मतदाताओं से भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि मतदाता भयमुक्त होकर मतदान करें। उन्हें किसी से डरने की जरूरत नहीं है। किसी तरह की समस्या होने पर प्रशासन की ओर से जारी मोबाइल नंबर पर सूचना दें।

### लोकसभा चुनाव को लेकर भारत नेपाल सीमा रहेगी बंद

**चाणक्य भूमि मैनाटांड़** । प्रखंड क्षेत्र के सीमावर्ती इलाको में बाल्मीकि नगर लोकसभा क्षेत्र में 25 मई को होने वाले छठे चरण चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर सशस्त्र सीमा बल के द्वारा 23 मई गुरुवार की शाम 6 बजे से पूर्णता बंद रहेगा। सशस्त्र सीमा बल 47वीं बटालियन इनरवा के असिस्टेंट कमांडेंट गुलाब कुमार चौधरी ने बताया कि 23 मई की शाम 6 बजे से 25 मई की शाम 6 बजे तक भारत नेपाल सीमा पूर्णता बंद कर दी जाएगी। असिस्टेंट कमांडेंट ने बताया कि भारत नेपाल सीमा खुला बॉर्डर होने के कारण सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गई है। जवानों की अलग-अलग टुकड़ियों को अलग-अलग जगह पर तैनात कर दिया गया है ताकि किसी प्रकार के असामाजिक तत्व सीमा पार नहीं कर सके। वही सशस्त्र सीमा बल 44वी बटालियन नगरदेही के असिस्टेंट कमांडेड देवा शाक्या ने बताया कि 23 मई की शाम 6 बजे से भारत नेपाल सीमा से प्रवेश पूर्णता बंद रहेगा यह आदेश हेड क्वार्टर से प्राप्त हुआ है। जिसको लेकर जवानों को कड़ा निर्देश दिया गया है। सीमा के चप्पा चप्पा पर एसएसबी की पैनी निगाह बनी रहेगी।

### शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव संपन्न हो, इसके लिए प्रशासन व पुलिस अलर्ट

**नदी के रास्तों पर रहेंगी पुलिस की पैनी नजर, एसडीआरएफ की टीम टीम के साथ नगर थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने किया पेट्रौलिंग**

**चाणक्यभूमि बगहा।** मतदान शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो, इसके लिए प्रशासन व पुलिस अलर्ट मोड़ में है। सड़क से लेकर नदी के रास्तों पर भी पुलिस की पैनी नजर रहेगी। नदी के रास्तों से किसी प्रकार का आपत्तिजनक सामान सीमा क्षेत्र में प्रवेश नहीं करें, इसके लिए एसडीआरएफ की चार टीम तैनात की गई है। एसडीआरएफ की टीम के साथ नगर थाने की पुलिस नदी के रास्तों पर पेट्रोलिंग कर रही है। एसपी सुशांत कुमार सरोज ने बताया कि एसडीआरएफ की चार टीमों को नदी के रास्तों पर तैनात किया गया है। नगर थाना की पुलिस के साथ एसडीआरएफ टीम की सहायता से नदी के रास्तों की लगातार मॉनिटरिंग कर रही है। नगर थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि नगर के गोड़िया पट्टी, दीनदयाल नगर, पारस नगर ,काली घाट सहित नदी तट से सटे रास्तों पर पुलिस टीम की गश्त तेज कर दी गई है। ताकि असामाजिक तत्व सीमा क्षेत्र में प्रवेश नहीं कर सकें।

### पटना साहिब गुरुद्वारे में स्मृति ईरानी ने टेका माथा, महिला जन संवाद कार्यक्रम में होंगी शामिल

**पटना।** लोकसभा के लिए कल छठे चरण का मतदान होगा। इससे पहले आज केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी पटना पहुंची हैं। पटना एयरपोर्ट पर उन्होंने मीडिया से कोई बातचीत नहीं की। एयरपोर्ट से स्मृति ईरानी सीधे तख्त श्री हरमंदिर पटना साहिब गुरुद्वारा पहुंचीं। वहां उन्होंने गुरु के दरबार में हाजिर लगाई, माथा टेका और आशीर्वाद लिया। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी आज पटना के अरोड़ा हाउस में महिला जन संवाद में शामिल होंगी। साढ़े 6 बजे के बाद वे पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र के कंकड़बाग में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगी। वे बीजेपी के उम्मीदवार रविशंकर प्रसाद के पक्ष में वोट की अपील करेंगी। इस चुनाव में पहली बार प्रचार के लिए स्मृति ईरानी पटना पहुंची हैं। प्रचार के बाद आज ही वे पटना से वापस दिल्ली लौट जाएंगीं।

# बंद घर का ताला तोड़ चोरी, जम्मू कश्मीर घूमने गया था परिवार

**गहनों समेत अन्य कीमती सामान पर चोरों ने किया हाथ साफ**

**एजेंसी, पटना।**

पटना के दानापुर थाना क्षेत्र के चित्रकूट नगर में चोरों ने बंद घर का ताला तोड़ चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इस संबंध में चित्रकूट नगर रोड संख्या नौ-ए के निवासी IGIMS के डॉ प्रशांत सिन्हा ने दानापुर थाना में लिखित आवेदन दिया है। उन्होंने अपने लिखित आवेदन में जानकारी दी है। पीड़ित डॉक्टर ने बताया है कि 16 मई को वह अपने पूरे परिवार के साथ जम्मू कश्मीर घूमने के लिए गए हुए थे। इसके बाद वह ट्रेन से दिल्ली से दानापुर पहुंचे। वहां से जब घर आए और मुख्य दरवाजा खोल अंदर गए, तो देखा कि सभी चार कमरों के दरवाजे के ताले टूटे हुए है।



**सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही पुलिसः** उन्होंने कमरे के अंदर देखा तो पाया की सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ है। अलमारी का भी लॉक टूटा हुआ था। उन्होंने बताया कि चोरों ने सभी कमरे समेत अलमारी को खंगाल दिया है। साथ ही इसमें रखे 60 हजार रुपए नगद और गहनों समेत अन्य कीमती सामान चोरी करके अपने साथ ले गए है। पीड़ित ने आगे बताया कि चोर बालकनी में लगे ग्रिल का ताला तोड़ घर के अंदर आए है। इसके बाद सभी कमरों और स्टोर रूम का उन्होंने ताला तोड़कर चोरी की है। बताया जाता है कि पूरे इलाके में नशा करने वालों का अड्डा बना हुआ है। इसे लेकर पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई है। वहीं, सूचना पाकर दानापुर पुलिस मौके पर पहुंची है और मामले की छानबीन में जुट गई है। इस संबंध में दानापुर थाना इंचार्ज प्रशांत कुमार भारद्वाज ने बताया कि चोरी का मामला सामने आया है। पीड़ित के द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की छानबीन की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को देखा जा रहा है।

# डीआरएम ने बिहटा रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

**एजेंसी, पटना।**

दानापुर रेल मंडल के बिहटा रेलवे स्टेशन पर चल रहे हैं। विकास कार्यों का जायजा लेने दानापुर रेल मंडल के डीआरएम जयंत कुमार चौधरी समेत अन्य रेल मंडल के अधिकारी पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। इसके साथ ही विकास कार्यों का जायजा लिया। डीआरएम ने सबसे पहले रेलवे स्टेशन परिसर का निरीक्षण किया।इसके बाद रेलवे टिकट काउंटर एरिया का जायजा लिया। इसके अलावा बिहटा स्थित रेलवे स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विकास कार्यों को लेकर संबंधित अधिकारियों को कई दिशा निर्देश भी दिया। अमृत भारत स्टेशन परियोजना के तहत बिहटा रेलवे स्टेशन का निर्माण नए सिरे से कराया जा रहा है।

**कार्यों का भी जायजा लिया गयाः** डीआरएम ने कार्यों का भी जायजा लिया। दानापुर डीआरएम जयंत कुमार चौधरी ने बताया कि दानापुर रेल मंडल का बिहटा रेलवे स्टेशन महत्वपूर्ण स्टेशन में शामिल है। ऐसे में स्टेशन का निर्माण कार्य चल रहा है। इसको लेकर अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया जो भी कमियां पाया गया है। उसे दूर करने का निर्देश भी दिया गया। साथ ही रेलवे स्टेशन पर शौचालय और पेय जल को लेकर लोगों ने शिकायत की थी। विभाग के तरफ इसका भी समस्या का निदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्टेशन का निर्माण तो चल ही रहा है। लेकिन नई लाइन का निर्माण भी चल रहा है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्टेशन परिसर में सीसीटीवी भी लगाया गया है।



**विकास कार्यों को लेकर दिए निर्देश, शौचालय को लेकर लोगों ने की थी शिकायतें**

## युवक की हत्या, आपसी विवाद में बदमाशों ने चाकू से किया हमला

**घटना को अंजाम देकर आरोपी फरार**

**एजेंसी, पटना।**

पटना सिटी के दीदारगंज थाना के कोठिया गांव में आपसी जमीन विवाद को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के युवक पर चाकू से वार कर दिया। इसके बाद आनन-फानन में उसे इलाज के लिए पटना के नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। यहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची दीदारगंज थाना की पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। इस मामले में कोठिया के एक युवक को नामजद किया गया है।

**इलाज के दौरान हुई युवक की मौतः** घटना की पुष्टि करते हुए एसडीपीओ निखिल कुमार ने बताया कि कोठिया गांव में जमीनी विवाद



को लेकर एक युवक को चाकू से गोद कर हत्या कर दी गई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। जानकारी के अनुसार दो सालों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि दीदारगंज थाना के कोठिया गांव में आपसी जमीनी विवाद को लेकर बात इतनी बढ़ गई कि एक पक्ष के रवि कुमार सहित उनके सहयोगियों ने दूसरे पक्ष के नीरज उर्फ रोशन यादव (27 वर्ष) को चाकू से गोद डाला। बताया जा रहा है कि रवि कुमार और उनके अन्य साथियों ने रोशन कुमार के पेट में लगातार चाकू से हमला किया।

## पटना के बेउर जेल से चार अपराधी बक्सर ट्रांसफर, चुनाव को लेकर प्रशासन का एक्शन

**कैदी ने व्यापारी से मांगी थी 20 लाख की रंगदारी**

**एजेंसी, पटना।**

पटना के बेउर जेल में बंद चार अपराधियों को प्रशासन ने बक्सर जेल में स्थानांतरित कर दिया है। इसका मुख्य कारण पटना के एक व्यापारी से रंगदारी मांगने के साथ-साथ आगामी 1 जून को पटना में होने वाले लोकसभा का चुनाव बताया जा रहा है। मामले की पुष्टि करते हुए बेउर जेल के काराधीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि समय-समय पर इस तरह की कार्रवाई की जाती रही है। इसका मुख्य उद्देश्य शांतिपूर्वक प्रशासन चलाना होता है। बताते चले कि पटना के एक व्यापारी से अभी कुछ दिन पूर्व बेउर जेल में बंद एक अपराधी ने 20 लाख की रंगदारी की मांग की थी। इसे लेकर पटना के शास्त्री नगर थाने में मामला दर्ज कराया गया था। छानबीन में यह बात सामने आई थी कि रंगदारी मांगने वाला अपराधी पटना के बेउर जेल में बंद है और जेल में रहकर ही वह व्यापारी से रंगदारी की मांग कर रहा था।



**शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रशासन का एक्शनः** इसके अलावा राजधानी पटना में 1 जून को सातवें और अंतिम चरण का मतदान होना है। इसे लेकर प्रशासन की तरफ से सुरक्षा के सभी तरह के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। प्रशासन की नजर पटना के बेउर जेल में भी है, जहां सैकड़ों की संख्या में कुख्यात अपराधी बंद हैं। प्रशासन पटना में शांतिपूर्ण मतदान के लिए कोई भी कदम उठाने के लिए तैयार है। माना जा रहा है कि अपराधियों द्वारा बराबर जेल में बंद रहने के बावजूद भी शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास किया जा रहा है। इसे लेकर प्रशासन के द्वारा शुक्रवार को ठोस और कड़े कदम उठाए गए हैं। बताया जा रहा है की जेल में बंद कुख्यात अपराधी संतोष गोप, प्रवीण कुमार सिंह उर्फ झुन्नु सिंह, छोटू कुमार उर्फ छोटू गोप उर्फ अशोक महतो , सिकंदर राय उर्फ सिकंदर यादव को पटना से बक्सर जेल स्थानांतरित कर दिया गया है।

# सम्राट बोले-लालू जी को ठंडा कर देंगे, राजद का पलटवार

**कहा- चुनाव बाद कौन जेल जाएगा कौन नहीं, यह समय बताएगा, कांग्रेस ने गुंडों की भाषा बताया**

**एजेंसी, पटना।**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के पालीगंज में लालू प्रसाद पर दिए गए बयान पर राजद और कांग्रेस ने कड़ा एतराज जताया है। जनसभा को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने लालू परिवार पर जमकर निशाना साधा। सम्राट ने कहा कि चिंता मत कीजिए, लालू जी को हम ठंडा कर देंगे। एकदम बेफिक्र रहिए। डिप्टी सीएम के इस बयान पर राजद के मुख्य प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि सरकार में बैठे लोग कह रहे हैं कि चुनाव के बाद जेल भेजेंगे। तो चुनाव के बाद तो यह सरकार में रहेंगे कि नहीं रहेंगे। इनकी पार्टी बचेगी या नहीं बचेगी। पहले इसकी चिंता करनी चाहिए। वहीं कांग्रेस ने सम्राट के इस बयान पर गुंडों की भाषा बताया है।

**अपराधियों का मनोबल बढ़ाने का काम कर रही बीजेपीः** मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि सत्ता की संरक्षण में गुंडागर्दी और



हिंसक घटना हो रही है। हथियार, और बंदूक चलाए जा रहे हैं। लोगों की जानें जा रही है। राजद प्रवक्ता ने आगे कहा कि कौन जेल जाएगा और कौन सत्ता से बाहर होगा, यह समय बताएगा, पुलिस वालों को जिस तरह धमकी दी गई कि वर्दी उतार देंगे, यह तो लग रहा है जैसे कि बीजेपी का झंडा उतारने की बात कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह बीजेपी के जरिए पुलिसवालों को अपॉइंटमेंट नहीं मिला है, जो यह वर्दी उतारने की धमकी दी जा रही है। शासन प्रशासन संभल नहीं रहा है तो पुलिस वाले को धमकी दे रहे हैं। अपराधियों का मनोबल बढ़ाने का काम सत्ता में बैठकर कर रहे हैं।

> ♦ डिप्टी सीएम के इस बयान पर राजद के मुख्य प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि सरकार में बैठे लोग कह रहे हैं कि चुनाव के बाद जेल भेजेंगे

**क्या बोले कांग्रेस नेताः** कांग्रेस प्रवक्ता राजेश राठौर ने सम्राट चौधरी पर पलटवार करते हुए कहा कि वे जब से डिप्टी सीएम बने हैं। सरकार की भाषा नहीं गुंडा की भाषा बोल रहे हैं। जब सरकार गुंडा की भाषा बोलने लगे तो जनता उसको ठीक कर देती है। 90 प्रतिशत जनता तो उनको ठीक कर चुकी है। बाकी जो दो चरण बचे हुए हैं। इसमें पूरी तरह जनता उनको ठीक करेगी। जेल में तो वह जाएगा, जो भारत को 10 सालों में लूटा है। बिहार को 20 सालों में नीतीश कुमार के साथ मिलकर लूटा है। नीतीश कुमार के साथ मिलकर बीजेपी ने पूरे बिहार को लूट लिया है।

**सम्राट चौधरी ने क्या कहा थाः** सम्राट चौधरी ने कल पालीगंज में सभा के दौरान कहा कि चिंता मत कीजिए, लालू जी को हम ठंडा कर देंगे। एकदम बेफिक्र रहिए। लालू यादव के गुंडों को ठूंस-ठूंसकर जेल में डालेंगे, कोई नहीं बचा सकता है। इन माफियाओं और गुंडों की पूरी लिस्ट बना रहा हूं। जैसे ही चुनाव खत्म होगा सब को फुलवारी जेल में बंद करूंगा या वे नेपाल भागना शुरू कर देगा। वहीं, रोहिणी आचार्य पर निशाना साधते हुए कहा कि आजकल इनकी एक टूरिस्ट बेटी आई है। जो छपरा में हिंसा फैलाई है। चुनाव के दौरान पूरे बिहार में कहीं हिंसा नहीं हुआ, कहीं किसी की हत्या नहीं हुई। लेकिन, लालू परिवार के गुंडागर्दी के चलते छपरा में एक नौजवान की हत्या हुई।

### सिंचाई भवन के पीछे स्टोर रूम में लगी आग, दमकल की 3 गाड़ी मौके पर पहुंची, स्टोर रूम में रखे सभी सामान जले

**पटना।** सचिवालय गेट नंबर 4 के पास सिंचाई भवन के पीछे स्टोर रूम आग लग गई है। कैंपस में फायर का कार्य चल रहा था। चारों तरफ पाइप बिछाया जा रहा था। इसी के लिए एक स्टोर रूम बनाया गया था। इसमें शॉर्ट सर्किट से आग लग गई है। आग पर काबू पा लिया गया है। मौके पर दमकल की तीन गाड़ी पहुंची थी। स्टोर रूम स्बेस्ट्स का बनाया गया था। इसे तोड़ना पड़ा। हालांकि, हालात नियंत्रण में आ गया है। स्टोर रूम के अंदर सीमेंट, लकड़ी, तार, इलेक्ट्रिक का सामान जलकर खाक हो गया है। सचिवालय फायर ऑफिसर शशिकांत शर्मा ने बताया कि कैंपस में पाइप बिछाने का काम चल रहा था। पाइप बिल्डिंग के दौरान आग लगी थी। सूचना मिलने के बाद फायर की 4 बड़ी गाड़ी पहुंची। बहरहाल आग पर काबू पा लिया गया है।

**बिहार के क्रिकेट प्रेमियों के लिए खुशखबरी**

## सितंबर में शुरू होगा मोइनुल हक स्टेडियम का पुनर्निर्माण

**एजेंसी, पटना।**

बिहार के क्रिकेट प्रेमियों के लिए खुशखबरी है। पटना का बदहाल क्रिकेट स्टेडियम अब आबाद होने वाला है। पटना के मोइनुल हक स्टेडियम के पुनर्निर्माण का काम इस साल सितंबर में शुरू होगा। इसकी जानकारी बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) के अध्यक्ष राकेश तिवारी ने दी। लोकसभा चुनाव 2024 के बाद क्रिकेट कॉम्प्लेक्स परिसर के पुनर्निर्माण के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इस स्टेडियम के पुनर्निर्माण कार्य को पूरे होने में लगभग डेढ़ साल लगेंगे।

**क्या बोले BCA अध्यक्षः** राकेश तिवारी ने कहा कि "हम लोकसभा चुनाव 2024 के समापन के बाद इस पर काम करना शुरू कर देंगे और स्टेडियम के सुधार का काम इस साल सितंबर में शुरू हो जाएगा। यह बिहार में क्रिकेट के लिए एक बड़ा कदम है और स्टेडियम



की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए हम सावधानी पूर्वक योजना बनाएंगे। हम इसे शीर्ष स्तर का स्टेडियम बनाने के लिए काम करेंगे क्योंकि हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि सुधार सुचारू रूप से हो। इस क्रिकेट कॉम्प्लेक्स परिसर में सबसे उन्नत तकनीक वाला क्लब हाउस, कॉर्पोरेट बॉक्स और हॉस्पिटैलिटी लाउंज होगा। मुख्य स्टेडियम में बीसीसीआई अध्यक्ष/सेक्रेटरी बॉक्स, मेम्बर्स गैलरी, जनरल गैलरी और 40 से 50 हजार दर्शकों के बैठने के लिए स्टैंड्स होंगे। इसके अलावा कैंटीन और पांच सितारा सुविधाओं वाले 50 से 60 कमरे भी होंगे।

## 86 उम्मीदवारों की किस्मत का होगा फैसला, आज डाले जाएंगे वोट, 14872 पोलिंग बूथ बनाए गए

**एजेंसी, पटना।**

बिहार में लोकसभा चुनाव के छठे चरण में 8 सीटों पर वोटिंग होगी। 25 मई को वाल्मीकिनगर, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, सीवान और महाराजगंज सीट पर वोट डाले जाएंगे। वोटिंग सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगी। मतदान की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

**कुल 1 करोड़ 49 लाख 32 हजार 165 वोटरः** लोकसभा की 8 सीटों के लिए 86 उम्मीदवार मैदान में हैं। जिनमें 78 पुरुष और 8 महिला प्रत्याशी हैं। कुल 1 करोड़ 49 लाख 32 हजार 165 वोटर हैं। जिनमें से 78 लाख 23 हजार 793 पुरुष और 71 लाख 7 हजार 944 महिला वोटर हैं। थर्ड जेंडर की आबादी 428 है।

**दिव्यांग वोटरों की संख्या 142568 हैः** 100 साल से अधिक उम्र वाले 3014 मतदाता हैं। विदेश में रहने वाले वोटरों की संख्या सिर्फ 21 है। 85 साल से अधिक उम्र वाले 104873 वोटर हैं। दिव्यांग वोटरों की संख्या 142568 है। सर्विस मतदाताओं की संख्या 27 हजार 334 है।



**फर्स्ट टाइम वोटरों की संख्या 2 लाख 12 हजार 496 हैः** पहली बार लोकतंत्र के महापर्व में भाग लेने वाले 18 से 19 साल के वोटरों की संख्या 2 लाख 12 हजार 496 है। ऐसे वोटर जो 20 से 29 साल के बीच हैं, उनकी संख्या 31 लाख 49 हजार 316 है।

**कुल 14872 पोलिंग बूथ बनाए गए हैंः** कुल 14872 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें 77 मॉडल पोलिंग स्टेशन है। 62 बूथ ऐसे हैं जहां सिर्फ महिला कर्मियों की तैनाती की जाएगी। 7660 पोलिंग स्टेशन से वेब कास्टिंग यानी सीधा लाइव सिस्टम काम करेगा। एक मतदान केंद्र पर औसत 1004 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

**गोपालगंज में सबसे ज्यादा वोटरः** सुरक्षित सीट गोपालगंज में सबसे ज्यादा 20 लाख 27 हजार 54 वोटर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जबकि पश्चिम चंपारण सबसे कम 17 लाख 59 हजार 234 वोटर हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### जंक्शन पर 112 बोतल शराब बरामद, एक धराया

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** प्लेटफॉर्म एक के क्रू लॉबी के पास से रेल पुलिस ने एक युवक को 72 बोतल विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान नगर थाना क्षेत्र के गुदरी रोड के पृथ्वी कुमार के रूप में हुई है। उस पर पुलिस पदाधिकारी के बयान पर उत्पाद अधीनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। दूसरी ओर आरपीएफ पोस्ट मुजफ्फरपुर ने भी 40 बोतल विदेशी शराब जब्त की है। मामले में आरपीएफ ने रेल थाना मुजफ्फरपुर में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

### देश के विकास के लिए है यह चुनाव : लेसी सिंह

**जलालपुर, एजेंसी।** प्रखंड के अनवल में गुरुवार को आयोजित एनडीए की चुनावी सभा में मंत्री लेसी सिंह ने कहा कि यह चुनाव देश के विकास के लिए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में विकास किया है। महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र में प्रत्याशी जनार्दन सिंह सीग्रीवाल ने विकास को नई गति दी है व हर क्षेत्र में विकास किया है। इसलिए बिहार व देश के विकास के लिए पीएम मोदी व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को अपना समर्थन देकर जनार्दन सिंह सीग्रीवाल को भारी बहुमत से जितायें व पीएम मोदी के हाथ को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि विपक्ष विकास विरोधी है व जातिगत राजनीति को बढ़ावा देकर समाज में विषमता पैदा कर रहा है।

### सड़क मरम्मती के नाम पर खानापूर्ति

**पूर्णिया/हरदा, एजेंसी।** मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना अन्तर्गत केनगर प्रखंड के पीएमजीएसवाई पथ जोतलखाय से पासवान टोला पश्चिम तक सड़क मरम्मती के नाम पर खानापूर्ति की गई है। समाजसेवी नौमान आलम सहित दर्जनों लोगों ने बताया कि विभागीय लापरवाही के कारण संवेदक सड़क मरम्मती के नाम पर जहां तहां मरम्मती कर अपना पल्ला झाड़ करते हुए खानापूर्ति कर दिया है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने जिला पदाधिकारी एवं विभागीय अधिकारी का ध्यानार्थ कराते हुए सड़क निर्माण कार्य सुदृढ़ करने की मांग की है।

### कटिहार के बाइक चोर गए जेल

**पूर्णिया, एजेंसी।** सदर अस्पताल पूर्णिया के इमरजेन्सी वार्ड के सामने एक मोटर साइकिल चोर बबलू यादव उर्फ बब्बू यादव को मास्टर चाबी से मोटर साइकिल चोरी करते समय उपस्थित लोगों ने मोटर साइकिल के साथ पकड़ लिया। पकड़ाये अभियुक्त बबलू यादव उर्फ बब्बू यादव को केहाट थाना के द्वारा विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त कटिहार जिले के गेराबाड़ी जोराबगंज वार्ड नं-01 के स्थाई निवासी बताए गए।


### छिनतई मामले में एक गिरफ्तार


**पूर्णिया, एजेंसी।** अमौर थाना पुलिस ने बीते दिनों फाइनेंस कंपनी कर्मी के साथ छिनतई मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मोहम्मद कादिर है जिसे सरवेली पुल के पास से गिरफ्तार किया है। विदित हो कि विगत 13 मई को दो बाइक पर सवार चार नकाबपोश अपराधियों के द्वारा फाइनेंस कर्मी से छिनतई करते हुए 136450 सहित कागज़ात भरे बैग लूट लिया गया था। इस मामले को लेकर कर्मी मुकेश कुमार द्वारा अमौर थाना में मामला दर्ज कराया गया था, जिस पर कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

### नीतीश की सरकार में सूबे का हुआ चौमुखी विकास : श्रवण

**मोतीपुर, एजेंसी।** ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि तेजस्वी यादव युवाओं को नौकरी देने की बात कहकर झूठा प्रचार कर नई पीढ़ियों को दिग्भ्रमित कर रहे हैं। वे गुरुवार को नरियार पंचायत के बतरौल गांव में एनडीए की लोजपा प्रत्याशी वीणा देवी के पक्ष में नुक्कड़ सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लालू यादव रेलमंत्री रहते हुए रेलवे में नौकरी के बदले में गरीबों की जमीन अपने चहेतों के नाम रजिस्ट्री करवा ली। सीएम नीतीश कुमार ने बेटियों के भविष्य सुधारने के लिए उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं।

# जहानाबाद में सीट कब्जाने और बचाने की जंग, त्रिकोणीय चुनावी मुकाबले ने बढ़ाई सरगर्मी





**जहानाबाद, एजेंसी।** सम्राट अशोक ने अपने शासनकाल में बराबर की पहाड़ियों में गुफा का निर्माण करावाया था। कहा जाता है कि बौद्ध भिक्षु शांत वातावरण में ध्यान लगा सकें, इसी मकसद से तब इसे बनाया गया। आज यही गुफा जहानाबाद जिले की पहचान है। दूर-दूर से पर्यटक दर्शन-पूजन करने पहुंचते हैं। कभी नक्सल प्रभावित क्षेत्र रहे जहानाबाद में आज भी उद्योगों का नामो- निशान नहीं है। हालांकि यहां के दो उद्योगपितयों ने देश-विदेश तक अपनी पहचान बनाई। इनमें महेन्द्र प्रसाद उर्फ किंग महेन्द्र और दूसरे संप्रदा सिंह यानी संप्रदा बाबू थे। दवा उद्योग के बादशाह रहे इन उद्योगपतियों की गैरमौजूदगी में इस बार जहानाबाद लोकसभा का चुनाव हो रहा है। लड़ाई त्रिकोणीय होने के आसार हैं। एक तरफ पूर्व सांसद व मंत्री रहे सुरेन्द्र प्रसाद यादव हैं तो उनके सामने वर्तमान सांसद और जदयू प्रत्याशी चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी अपनी सीट बचाने की जद्दोजहद कर रहे हैं। वहीं हाथी पर सवार होकर पूर्व सांसद अरुण कुमार ने जहानाबाद की चुनावी समर को दिलचस्प बना दिया है।सिंचाई व्यवस्था सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा जहानाबाद लोकसभा की बड़ी आबादी कृषि पर निर्भर है। धान और गेहूं के अलावा दलहन की खेती होती है। खेती का बड़ा हिस्सा सिंचाई के लिए मानसून की बारिश और ट्यूबवेल पर आधारित है। फल्गू नदी पर उदेरा स्थान में बराज का निर्माण कर दो नहरें यहां से निकाली गईं। एक नालंदा की ओर जाती है तो दूसरी जहानाबाद में। दोनों ही नहरों का हाल खस्ता है, क्योंकि पानी पर्याप्त मात्रा में नहीं आता। घोसी विधानसभा के ओकरी निवासी बिंदलेश शर्मा बताते हैं यहां से भी फल्गू नदी गुजरती है। सिर्फ स्लुईश गेट लग जाए तो पानी की किल्लत नहीं होगी। जहानाबाद में रहनेवाले उमेश कुमार बताते हैं सिंचाई के संकट को दूर करने के लिए उदेरा स्थान बराज के पास फल्गू को सोन नद से जोड़ने की योजना बनी, पर आज तक काम आगे नहीं बढ़ा। 28 साल तक सेना की नौकरी के बाद हाल ही में सूबेदार विनोद कुमार सेवानिवृत होकर अपने गांव लड्उआ आए हैं। अग्निवीर योजना पर बोले-सेना में आ रहे जवानों में वह बात नहीं है, जो पहले के जवानों में होती थी। इसपर ध्यान देने की जरूरत है। 90 के दशक में जहानाबाद नक्सलियों का गढ़ होता था। नरसंहार और मार-काट की घटनाएं होती थीं। इलाके के लोग धीरे-धीरे उस दौर को भूल रहे हैं। अपने वोट बैंक को बचाने वाला सिकंदर पिछले तीन लोकसभा चुनावों से लगातार हार का सामना कर रहे बेला के विधायक सुरेन्द्र यादव फिर से राजद के टिकट पर मैदान में हैं। पिछले चुनाव में महज 1751 वोटों से जीते चंदेश्वर प्रसाद पर जदयू ने दोबारा भरोसा जताया है। राजद-जदयू के बीच लड़ाई में तीसरा कोण पूर्व सांसद अरुण कुमार बना रहे हैं। आखिरी क्षणों में बसपा के टिकट पर चुनाव में उतरे अरुण कुमार को पार्टी के परंपरागत वोटरों के साथ स्वजातीय व समर्थकों से आस हैं। राजद के कोर वोटर के सहारे जीत की आस में सुरेन्द्र यादव पसीना बहा रहे हैं। जदयू प्रत्याशी चंदेश्वर प्रसाद को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के काम के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम पर वोट की उम्मीद है। जहानाबाद के रण में जीत चाहे जिसकी हो पर मुकाबला दिलचस्प है।

अपने कोर वोटरों को जो जितना समेट पाएगा, उसकी पहुंच संसद के उतनी ही नजदीक होगी। अतिपिछड़ा वर्ग से आनेवाले चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी ने जदयू से अपनी राजनीतिक पारी शुरू की। पार्टी के अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष भी रहे। साल 2019 में जहानाबाद से सांसद बनने से पहले वह बिहार विधान परिषद के सदस्य रहे थे। वहीं पूर्व सहकारिता मंत्री सुरेन्द्र प्रसाद यादव लालू प्रसाद के करीबी रहे हैं। 1990 से बेला से लगातार विधायक हैं। कई विभागों में मंत्री भी रहे। 1998 में जहानाबाद से सांसद रहे। छात्र जीवन से राजनीति में हैं। पहली बार 1993 में एमएलसी बने। समता पार्टी से 1999 और रालोसपा से 2004 में जहानाबाद से सांसद बने। बसपा में आने से पहले वह लोजपा में थे। जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र तीन जिलों में फैला है। जिले के घोसी, मखदुमपुर व जहानाबाद विस के अतिरिक्त अरवल जिला का अरवल व कुर्था और गया जिला का अतरी विधानसभा इसका हिस्सा है। फिलहाल सभी विधानसभा सीटों पर इंडिया गठबंधन का कब्जा है। चार पर राजद और दो पर भाकपा (माले) के उम्मीदवारों ने 2020 के विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की थी। जहानाबाद लोकसभा सीट आजादी के बाद लंबे समय तक कांग्रेस और सीपीआई का गढ़ रही। लेकिन 1998 के चुनाव में इस सीट का समीकरण ऐसा बदला कि कम्युनिस्ट और कांग्रेस को फिर कभी जीत नसीब नहीं हुई। कभी राजद तो कभी जदयू या रालोसपा का यहां कब्जा रहा।

### बीजेपी के वरिष्ठ नेता अनिल शर्मा को मिली जान से मारने की धमकी

**छपरा, एजेंसी।** महराजगंज संसदीय क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी जनार्दन सिंह सीग्रीवाल के पक्ष में कई दिनों से कैम्प कर आक्रामक चुनाव प्रचार करने वाले प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व वर्तमान में भाजपा के वरीय नेता अनिल कुमार शर्मा को जान से मारने की धमकी मिली है। भाजपा नेता अनिल शर्मा ने एकमा थाने में एफआईआर दर्ज करवायी है। दर्ज एफआईआर में कहा गया है कि गुरुवार की दोपहर में मोबाइल पर कॉल कर चुनाव प्रचार छोड़कर अविलंब क्षेत्र से बाहर चले जाने अन्यथा जान से हाथ धोने की धमकी दी गयी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। एफआईआर में उन मोबाइल नम्बरों का भी जिक्र किया गया है जिससे कॉल आया था। बीजेपी नेता ने एफआईआर में मोबाइल करने वालों को कांग्रेस प्रत्याशी और प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष का समर्थक होने का आरोप लगाया है। बीजेपी नेता ने कहा कि वे कांग्रेस प्रत्याशी व समर्थकों द्वारा फूल नहीं कुल के मद्देनजर मतदान की अपील करने के खिलाफ लोगों को बता रहे हैं कि कुल पर जब आपदा की घड़ी आयी थी तो ये लोग कहां थे। कुलद्रोही कि भूमिका निभाने वाले आज कुल को बढ़ाने की बात कर रहे हैं। इन्ही तर्कों की प्रतिक्रिया में यह धमकी दी गयी है।

## आचार संहिता उलंघन मामले में बसपा उम्मीदवार गिरफ्तार



**गोपालगंज, एजेंसी।** गोपालगंज के कुचायकोट थाना पुलिस ने बसपा उम्मीदवार सुजीत राम को आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही मामला दर्ज कर उनके विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया की चुनाव प्रचार के अंतिम दिन गुरुवार को बसपा पार्टी के उम्मीदवार सुजीत कुमार राम द्वारा रैली और जुलूस निकालने अनुमति मांगी गई थी। प्रशासन के द्वारा बसपा प्रत्याशी को भगवानपुर से चनावे, थावे गोपालगंज होते हुए भड़कुईया कोईनी, बरौली से होते हुए धर्मपरसा तक अनुमति दी गई थी। रैली का निर्धारित समय 12:00 बजे से 3:00 बजे तक था, लेकिन बसपा प्रत्याशी ने रूट चार्ट का उल्लंघन कर अपनी गाड़ी कुचायकोट विधानसभा क्षेत्र के अन्य गांव में जाकर प्रचार प्रसार करना शुरू कर दिया।

**बिना अनुमति प्रचार कर रहे थे :** साथ ही जिस वाहन का प्रयोग प्रचार प्रसार के लिए किया जा रहा था। उस वाहन का प्रचार प्रसार के लिए अनुमति प्राप्त नहीं की गई थी। इस बात की जानकारी जिले के पुलिस प्रशासन को मिली। जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बसपा के उम्मीदवार सुजीत कुमार राम को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही बिना अनुमति के प्रचार कर रहे वाहन को भी जब्त कर लिया है।



## प्रशांत किशोर को तेजस्वी ने बताया बीजेपी का एजेंट

**पटना, एजेंसी।** जनसुराज के संस्थापक और चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर को आरजेडी नेता और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने बीजेपी का एजेंट करार दिया है। और कहा कि जब भाजपा हारने लगी तो तीसरे-चौथे चरण के चुनाव के बाद उनसे माहौल बनाने के लिए बुलवाना शुरू कर दिया। वे भाजपा की मानसिकता के आदमी हैं। भाजपा इनको घुमा रही है, फंड दे रही है।

तेजस्वी यादव ने प्रशांत किशोर और बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा उस वीडिया का भी जिक्र किया। जिसमें नीतीश कुमार ने कहा था कि प्रशांत किशोर को पार्टी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हम अमित शाह को कहने पर बनाए हैं। तेजस्वी ने कहा कि ये तो शुरू से ही बीजेपी के रहे हैं। और जो पार्टी इनके साथ काम करेगी। वो बर्बाद हो जाएगी। प्रशांत किशोर अपने जिलाध्यक्ष को सैलरी पर रखते हैं। विश्व की सबसे अमीर पार्टी भाजपा भी नहीं रखती होगी। अपने जिला अध्यक्ष को सैलरी पर। न गाड़ी देती होगी। लेकिन ये करते हैं। पता नहीं पैसा कहां से आता है इनके पास। तेजस्वी ने कहा कि आप सभी लोगों ने देखा होगा। कि पिछले साल ये किसी के साथ काम करते हैं। फिर किसी और के साथ। डेटा इधर-उधर करते हैं। आज आपका डेटा ले लिया, कल उसे दे दिया। इसी तरह का काम है। हमें व्यक्तिगत तौर से उन्हें कुछछ नहीं कहना है। लेकिन आपको ये समझना होगा कि प्रशांत किशोर बीजेपी मानसिकता वाले और भाजपा के एजेंट हैं। एक रणनीति के तहत बीजेपी इन्हें घुमवा रही है। और फंड दे रही है। लेकिन हमको भी मालूम है। कि ये कहां-कहां फंड दे रहे हैं।

**कहा– माहौल बनाने के लिए भाजपा दे रही फंड और घुमा रही**

वहीं प्रधानमंत्री मोदी के बार-बार बिहार दौरे को लेकर तंज कसते हुए कहा कि बिहार में फीडबैक बहुत खराब मिल रहा है, इसी वजह से प्रधानमंत्री मोदी बार-बार बिहार में चुनावी रैलियां करने पहुंच रहे हैं। वहीं चिराग पासवान चिराग पासवान द्वारा नादान बताए जाने पर कहा कि केक काटने में नादानी क्या है? दो सौ सभा किसी ने की है क्या? नादानी तो वो होती है, जिसकी पार्टी छीन ली गयी, पार्टी को तोड़ दिया गया, घर को छीन लिया, फिर भी हनुमान बने हुए हैं।

## गर्मी का सितम जारी, 26 से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश के आसार



**पटना, एजेंसी।** बिहार में अगले दो दिनों तक बारिश के आसार नहीं है। लेकिन, 26 मई से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश के आसार हैं। इस दौरान मेघगर्जन और वज्रपात के साथ ही 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी। वहीं शुक्रवार और शनिवार को अधिकतम तापमान में मामूली बढ़ोतरी होगी। इस कारण दोपहर में लोगों को उमस भरी गर्मी का एहसास होगा।

हालांकि बंगाल की खाड़ी से नमीयुक्त पुरवा हवा आने के कारण लोगों को सुबह और शाम के समय गर्मी से राहत मिलेगी। मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार को पटना के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट आई। अधिकतम तापमान में 0.9 और न्यूनतम में 1.4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई। राजधानी का अधिकतम तापमान 34.9 और न्यूनतम तापमान 26.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया वहीं समस्तीपुर जिले में शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में बुधवार देर शाम से गुरुवार को दिन में आठ बजे तक रूक रूक हुई बारिश ने जहां आमलोगों को भीषण गर्मी से राहत दिलायी, वहीं किसानों के लिए वरदान साबित हुई। बारिश से आम, लीची व सब्जी की खेती करने वाले किसानों के चेहरे खिले रहे। बारिश से धान की नर्सरी लगाने में भी किसानों को सहूलियत होगी।

विदित हो कि प्रचंड धूप व भीषण गर्मी के कारण खेतों में नमी गायब हो गयी थी। जिससे पटवन करते करते किसान परेशान थे। खासकर सब्जी की खेती करने वाले फसल सूखने से परेशान थे। बारिश से कुछ जगहों पर जलजमाव भी हुआ जिससे राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। बुधवार रात ताजपुर एवं आसपास के इलाके में बारिश हुई। बारिश से किसानों के खेतों में लगी सब्जी की फसलों को फायदा हुआ है। वहीं बारिश के कारण ताजपुर बाजार के हॉस्पिटल रोड में सड़क में पानी भर जाने से लोगों को आवागमन की असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

# छपरा हिंसा: रोहिणी आचार्य के साथ घूम रहा राबड़ी देवी का बॉडीगार्ड सस्पेंड

**छपरा, एजेंसी।** बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी की सुरक्षा में तैनात पटना ज़िला बल के सिपाही जितेंद्र सिंह को निलंबित कर दिया गया है। वह राबड़ी देवी के साथ बॉडीगार्ड के रुप में तैनात था। सिपाही जितेंद्र सिंह को अनाधिकृत रुप से सारण लोकसभा क्षेत्र की राजद प्रत्याशी रोहिणी आचार्य के साथ जाने के लिए सारण के पुलिस अधीक्षक से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन का आदेश पटना जिला के वरीय पुलिस अधीक्षक ने जारी किया। इस बीच राजद कार्यकर्ता की हत्या के आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए सारण एसपी ने एसआईटी गठित कर दी है। इस कांड में फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर टीम लगातार छापेमारी कर रही है। घटनास्थल के आसपास जितने भी सीसीटीवी लगे हैं उन सभी के फुटेज को टीम




खंगालने में जुटी है। स्टार प्रचारक पूर्व एमएलसी भोला पर आचार संहिता का भी मुकदमा सीओ ने किया है। इस मामले में टीम कई बिंदुओं पर जांच कर रही है। एसपी ने बताया कि फरार अभियुक्तों के घर की कुर्की की कार्रवाई को लेकर कोर्ट में आवेदन देने की तैयारी चल रही है। सीसीटीवी फुटेज में चिन्हित लोगों की सूची भी पुलिस ने तैयार कर ली है। इन सभी लोगों पर आने वाले दिनों में कार्रवाई तय है और इस फुटेज के माध्यम से पुलिस अभियुक्त बनाकर जेल भेजेगी। घटनास्थल पर सुरक्षा व्यवस्था का तीसरे दिन एडिशनल एसपी व हेडक्वार्टर अपर पुलिस अधीक्षक ने जायजा लिया। पूर्व एमएलसी भोला राय के खिलाफ टाउन थाने में सदर प्रखंड के सीओ के लिखित बयान पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया है। दिए गए आवेदन में कहा गया है कि चुनाव आयोग के निर्देशों के आलोक में 18 मई की शाम 6 बजे तक चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद भी क्षेत्र छोड़कर सभी नेता चले गये लेकिन इनके द्वारा ऐसा नहीं किया गया। इसी को देखते हुए उनके खिलाफ थाने में मामला दर्ज किया गया है।बता दें कि चुनाव के दिन ही बड़ा तेलपा भिखारी ठाकुर चौक पर बूथ संख्या 318 और 319 पर बवाल हुआ था।

चुनाव के एक दिन पूर्व भिखारी ठाकुर चौक पर हुई हिंसक झड़प और हत्या मामले में पुलिस प्रशासन की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि हत्या प्रयुक्त की गयी राइफल व रिवाल्वर के लाइसेंस रद्द करने की प्रक्रिया चल रही है। यह जानकारी एसपी डॉ गौरव मंगला ने दी। उन्होंने बताया कि पुलिस प्रशासन ने एक राइफल, एक रिवाल्वर व 56 जिंदा कारतूस जब्त किया है।

# 130 वीं नारायणी गंडकी महाआरती कार्यक्रम का आयोजन

चाणक्य भूमि वाल्मीकिनगर

बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भारत नेपाल सीमा पर अवस्थित संगम तट पर बेलवा घाट परिसर में अंतर्राष्ट्रीय न्यास स्वरांजलि सेवा संस्थान द्वारा 130 वीं नारायणी गंडकी महा आरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का श्री गणेश मुख्य अतिथि साधक श्री बालक दास बाबा जी महाराज, विशिष्ट अतिथि निर्माता एचेल थारू, संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्षा अंजु देवी, समाजसेवी संगीत आनंद, अभिनेत्री लक्ष्मी थारू, यूट्यूबर सोनू चौधरी, अभिनेता जयदेव कुमार, आचार्य पंडित अनिरुद्ध दूबे ,सत्येंद्र सिंह, सुमन देवी, अभिनेता चंद्रभान कुमार, स्वास्थ्य कर्मी कुमारी संगीता, निर्माता अरविंद अकेला एवम् रौशन कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके किया। मुख्य अतिथि श्री बालक दास बाबा ने संबोधन के क्रम में कहा कि वैशाख पूर्णिमा जिसे हम बुद्ध जयंती और बुद्ध पूर्णिमा के नाम से भी जानते हैं। बुद्धम शरणं गच्छामि के साथ उन्होंने अपने विचारों को प्रस्तुत किया। निर्माता एचेल थारू ने कहा कि गौतम बुद्ध का जन्म, ज्ञानोदय, मृत्यु का बोध कराती है। समाजसेवी संगीत आनंद ने कहा कि आज का दिन चिंतन, ध्यान और दयालुता का दिन है। रुद्र नेचुरल शहद के निर्माण में लगे सत्येंद्र कुमार और सुमन देवी ने नारायणी गंडकी महा आरती की महिमा बताते हुए कहा कि मुझे इस नारायणी माता की कृपा से नया जीवन दान मिला है। मेरी गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। अभिनेता जयदेव कुमार, सोनू चौधरी और अभिनेत्री लक्ष्मी थारू ने कहा कि इस महा आरती के माध्यम से नवोदित कलाकारों को एक बड़ा प्लेटफार्म प्रदान किया जा रहा है। धमाका फिल्मस के निर्माता अरविंद अकेला ने संस्था द्वारा आयोजित दैनिक चलंत दरिद्र नारायण भोज की सराहना की।शिव शिष्या पिंकी देवी ,गायक सीताराम शर्मा , हिरमति देवी, गायक नंद महतो, राजा कुमार,एवं ललन बिहारी व्यास ने भी कई पारंपरिक भजनों को प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि सह साधक बालक दास बाबा एवं सप्त चंडी ट्रस्ट की संचालिका को अंग वस्त्रम द्वारा सम्मानित किया गया। संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर संगीत आनंद ने कहा कि आज वह पवित्र दिन है जिस दिन भगवान बुद्ध का जन्म हुआ था। आज 2568 वीं बुद्ध जयंती के अवसर पर हम सभी विश्व शांति की कामना करते हैं। वशिष्ठ डेयरी उद्योग नेपाल के प्रबंधक पवन भट्टराई एवं स्वास्थ्य कर्मी कुमारी संगीता के सौजन्य से महाप्रसाद की व्यवस्था की गई। पटना और मोतिहारी से आए पर्यटकों ने भी इस महा आरती में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस मौके पर सरस्वती देवी, श्रवण कुमार,मोतिहारी से आए अरुण सर्राफ ,सीमा देवी, अर्पिता कुमारी, रूद्र कुमार,एवम् तूफानी ठाकुर, की भूमिका सराहनीय रही। संचालन सोनू चौधरी एवम् जयदेव कुमार ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन अभिनेत्री लक्ष्मी थारू ने किया।

### प्राचार्य से जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने मांगा स्पष्टीकरण

## छात्र-छात्राओं का नवीं कक्षा में नामांकन के लिए अवैध उगाही का मामला

चाणक्य भूमि वाल्मीकिनगर

वाल्मीकिनगर स्थित नदी घाटी योजना उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य मंतोष कुमार शारदा से जिला कार्यक्रम पदाधिकारी योगेश कुमार ने 22 मई को समाचार पत्रों में प्रकाशित नौवीं कक्षा में नामांकन के लिए सरकारी शुल्क 420 रुपए के बदले 1000 रूपए मांग करने के आरोप में स्पष्टीकरण की मांग करते हुए उन्हें सख्त हिदायत भी दी है।जिला कार्यक्रम पदाधिकारी योगेश कुमार के द्वारा जारी पत्र में लिखा गया है कि आपके ऊपर दायित्वों का निर्वहन न करना, नामांकन में उगाही करना, अनुशासनहीनता एवं उदंडता उजागर करना जैसे आरोप साबित हो रहे हैं। आपको 24 घंटे के अंदर इस पत्र का जवाब साक्ष्य के साथ देय होगा, तब तक आपके वेतन पर रोक लगाई जाती है। बता दे की मंतोष कुमार शारदा पर घोर अनियमितता का आरोप पत्रक एक दिनांक 15 एक 2023 और पत्रांक 15 दिनांक 7 मई 2023 को भी लगाया जा चुका है जिसमें आरोप था कि रात्रि प्रहरी के नियोजन में 15000 हजार रिश्वत के रूप में, तथा प्रायोगिक परीक्षा के नाम पर छात्र-छात्राओं से 600 लिया गया है।

# चुनाव में पहली बार वाल्मीकिनगर में एयर एंबुलेंस सेवा उपलब्ध



चाणक्य भूमि वाल्मीकिनगर

- आम चुनाव के दौरान आकस्मिक परिस्थिति के लिए पहली बार वाल्मीकिनगर एयरपोर्ट पर एयर एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराई गई है

जरूरत पड़ने पर वाल्मीकिनगर संसदीय क्षेत्र में यह एयर एंबुलेंस चुनाव आयोग के दिशा- निर्देश के अनुरूप अपनी सेवा देगा और अस्पताल तक मरीज को पहुंचाएगा।

आकस्मिक परिस्थितियों में मेडिकल सहायता उपलब्ध कराने के साथ ही फोर्सेज को लाने व ले जाने में यह एयर एंबुलेंस मददगार साबित होगा। इस बाबत प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेश सिंह ने बताया कि इसके माध्यम से प्रभावित स्थान तक तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। ताकि किसी आपात स्थिति में बड़ी दुर्घटना को रोका जा सके। लोकसभा आम चुनावों में किसी भी आपदा से निपटने के लिए एयर एंबुलेंस की व्यवस्था की गई है।पटना से आए डॉक्टरों की टीम के साथ स्थानीय डॉक्टर भी उनकी सहायता के लिए उपलब्ध रहेंगे। इस एयर एंबुलेंस की मदद से किसी भी आकस्मिकता की स्थिति में न सिर्फ मदद पहुंचाई जा सकेगी, बल्कि अर्द्धसैनिक बलों, पुलिस बलों के व्यवस्थापन के साथ ही मेडिकल सहायता पहुंचाने में भी मदद मिलेगी।

# अच्छी बारिश के लिए हुआ पुजा

चाणक्य भूमि बैरिया



बैरिया प्रखंड क्षेत्र के पखनाहा डुमरिया पंचायत के वार्ड नंबर 11 डुमरिया गांव में शुक्रवार को भगवान इन्द्र व ब्रह्म बाबा की विधि पूर्वक पूजा की गई। पुर्व उप मुखिया गणेश कुशवाहा, रुदल कुशवाहा,हरिहर कुशवाहा, भोज कुशवाहा ने भगवान इन्द्र एवं ब्रह्म बाबा से अच्छी वर्षा की कामना की। उनलोगो के द्वारा अपने निजी कोष से ईस स्थान कि चारदिवारी,एवं दुर्गा मंदिर, ब्रह्म बाबा मंदिर सहित सभी निर्माण कराया गया है। पुजा के दौरान उनलोगो ने बताया की सृष्टि के प्राणियों के जीवित रहने के लिए वर्षा जरूरी है। वर्षा के बिना प्राणी एक पल भी जीवित नहीं रह सकता है। इन्द्र देव एवं ब्रह्म बाबा की पूजा पारंपरिक तरीके से कर भगवान से सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर 11 कुवारी कन्याओं के पहले प्रसाद खिलाकर महा प्रसाद वितरण का सुरुआत हुआ। मौके पर समस्त ग्रामीण उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण किया।






# मझौलिया में 02 लाख 11 हजार 292 मतदाता करेंगे मतदान

चाण्क्य भूमि मझौलीया

- बंद लिफाफे में वजन का इंतजार है वोट केमठाधीशों को

थाना क्षेत्र में लोक सभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गयी है। मतदान केंद्रों पर अर्द्धसैनिक बलों तथा की दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है।शुक्रवार को थाना परिसर से तिरूवाह क्षेत्रों के लिये भेड़ बकरियों की तरह ठूसकर मतदान कर्मियों को केंद्रों पर भेजा गया।प्रचंड गर्मी में मतदान कर्मियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।प्रखण्ड निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ वरुण केतन ने बताया कि बेतिया मझौलिया दो विधान सभा क्षेत्र में चनपटिया 07 विधान सभा मे मझौलिया का 11 पंचायत पड़ता है।चनपटिया विधान सभा क्षेत्र के 11 पंचायतों में

92 मतदान केंद्र है।यहां क्रिटिकल बूथों की संख्या 14 तथा वेनेरेबल बूथों की संख्या 09 है।यहां पुरुष मतदाताओं की संख्या 48621 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 41744 है।बीडीओ ने बताया कि बेतिया मझौलिया विधान सभा मे मझौलिया प्रखण्ड में कुल 120 मतदान केंद्र है।इन केंद्रों पर 44 क्रिटिकल और 10 वेनेरेबल केंद्र चिन्हित किये गये है।यहां पुरुष मतदाताओं की संख्या 64728 और महिला मतदाताओं की संख्या 56199 है।यहां थर्ड जेंडर महज 02 की संख्या में है।ग्रामीण क्षेत्रो में लोगों का मानना है कि शुक्रवार की रात कयामत की रात है।वोट के ठेकेदारों को बंद लिफाफे में वजन का इंतजार है।

# संजय जायसवाल ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में कहा मतदान अधिकार ही नहीं जिम्मेवारी भी

चाणक्य भूमि



वर्तमान सांसद व एनडीए प्रत्याशी डॉ संजय जायसवाल ने आज शहर के सुप्रिया रोड में मतदाता जागरूकता अभियान चला कर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने डिजिटल मीडिया के जरिये विडियो संदेश जारी कर लोगों को मतदान के महत्व के बारे में बताया।

अपने संदेश में उन्होंने कहा कि मतदान अधिकार ही नहीं जिम्मेवारी भी है।25 मई को इस देश के प्रधानमंत्री कौन बनेगें इसका फैसला पश्चिम चम्पारण लोकसभा की जनता यानी आप सभी को करना है, आप सभी से अनुरोध है कि मतदान अवश्य करें।

मतदान के महत्व के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि आपका एक-एक मत भारत का भविष्य, भारत का भाग्य तय करता है। आप सभी के ही मतदान से देश के प्रधानमंत्री चुने जाते हैं।देश के विकास के लिए जितने भी कानून बनते है वह सब संसद में आपके जो प्रतिनिधि होते हैं वहीं तय करते है. उन्ही कानूनों पर इस देश की सुरक्षा और अंतर्राष्ट्रीय पटल पर भारत की पहचान निर्भर करती है. अतः आप सभी से मेरा अनुरोध होगा कि मतदान अवश्य करें।

डॉ जायसवाल ने कहा कि आपके मतदान से ही प्रधानमंत्री जी कानून बनाते है और जो भी कानून मंत्रीमंडल बनाता है वह सांसदों की स्थायी समिति में जाती है और सांसद उसपर जनता की राय के बारे में बताते हैं. सांसद ऑफिसरों को बुलाकर के इन योजनाओं पर चर्चा करते हैं और उसके बाद इसका पूरा सार फिर से वापस मंत्रालय को भेजा जाता है। इन कानूनों और गरीबो के कल्याण की योजनाओं पर देश के आम लोगों की इच्छा के हिसाब से उस कानून में संशोधन होते है।

इस दौरान आनंद अवस्थी, मनन कृष्ण सिंह, प्रतीक एडविन शर्मा, अभिषेक यादव आदि की सक्रिय सहभागिता रही।









# डिस्पैच केंद्र पर कुत्ते का कहर दर्जनों कर्मी ज़ख्मी

चाणक्यभूमि बगहा

- डिस्पैच केंद्र पर भारी सुरक्षा के बीच एक कुत्ते ने लगभग एक दर्जन मतदान कर्मियों को काटकर जख्मी किया कर्मियों को मेडिकल कैंप में ले जाकर किया गया ईलाज

लोक सभा चुनाव को लेकर बगहा के मंगलपुर बाबा भूतनाथ कॉलेज में डिस्पैच केंद्र बनाए गए है। जहां एक अप्रत्याशित घटना प्रकाश में आया है। डिस्पैच केंद्र अचानक एक कुत्ता घुस गया और भीड़ को देख कर इधर-उधर भागने लगा। अफरा-तफरी में कुत्ते ने लगभग एक दर्जन मतदान कर्मियों को काटकर जख्मी कर दिया।

इस दौरान डिस्पैच केंद्र पर कुछ देर के लिए हड़कंप मच गया। सुरक्षा कर्मियों ने कुत्ते को डिस्पैच केंद्र से बाहर निकाला। जख्मी मतदान कर्मियों को तुरंत केंद्र पर ही स्थापित मेडिकल कैंप में ले जाया गया, जहां उनका इलाज किया गया। मेडिकल कैंप के प्रभारी डॉ. अरशद कमल ने बताया कि कुत्ते के हमले में जख्मी सभी कर्मियों को तुरंत एंटी-रैबीज वैक्सीन (एआरवी) दी गई। उनके जख्मों का भी इलाज किया गया। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि सभी जख्मी मतदान कर्मियों की स्थिति सामान्य है। इलाज के बाद वे अपने-अपने मतदान केंद्रों के लिए रवाना हो गए हैं। इस घटना में खड़क सिंह, अंकित कुमार, हीरा लाल यादव, ईश्वर मांझी, रजनीकांत सिंह, जितेंद्र राव सहित एक दर्जन से अधिक मतदान कर्मी घायल हुए हैं। इस अप्रत्याशित घटना ने चुनावी तैयारियों के बीच प्रशासन की सतर्कता से समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराकर स्थिति को नियंत्रण में लिया गया है।

# नेशनल कालाजार उन्मूलन कार्यक्रम में बिहार मॉडल की हुई सराहना : डॉ अशोक

चाणक्य भूमि संवाद सूत्र

लोक स्वास्थ्य मुद्दे के रूप में राज्य कालाजार मुक्त हो चुका है। सूबे के सभी प्रखंडों में कालाजार रोगियों की संख्या प्रति दस हजार की आबादी में एक रोगी से भी कम पहुंच चुकी है। रांची में हुए नेशनल कालाजार उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक में बिहार मॉडल की काफी सराहना हुई है। ये बातें अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी (वेक्टर जनित रोग नियंत्रण) डॉ अशोक कुमार ने शुक्रवार को आयोजित समीक्षा बैठक में कही। यह बैठक कालाजार उन्मूलन की स्थिति को कायम रखने के प्रयास में तेजी के लिए आयोजित की गयी थी। बैठक के दौरान डॉ अशोक ने कहा कि कालाजार के लिए निर्देशित भारत सरकार के हर पॉइंट पर बिहार पहले से ही काम कर रहा है। राज्य एक्टिव केस की खोज के साथ केस बेस्ड सर्विलांस भी कर रहा है। इसके तहत हर कालाजार मरीज की व्यक्तिगत रिपोर्ट विभाग के पास मौजूद है, अगर इसके साथ इंटेंसिफाइड प्लान के साथ राज्य काम करे तो ट्रांसमिशन रेट पर भी अंकुश लग सकता है।

राज्य लगातार तीसरे वर्ष भी कालाजार मुक्त की स्थिति में बैठक के आरम्भ में डब्ल्यूएचओ के राज्य समन्वयक (एनटीडी) डॉ राजेश पांडेय ने कालाजार मुक्त राज्य की स्थिति को कायम रखने वाले कारकों की चर्चा की। उन्होंने बताया कि राज्य लगातार तीसरे वर्ष कालाजार मुक्त की स्थिति को कायम रखे हुए है। प्रखंड स्तर पर प्रति दस हजार की आबादी पर एक से कम मरीज मिले हैं। कालाजार स्थिति को कायम रखने के लिए डॉ पांडेय ने दो सुझाव भी जिलों को दिए, जिसमें साप्ताहिक रिपोर्टिंग और पैसिव केस फाइंडिंग पर बल देना शामिल था। उनका कहना था कि सार्वजनिक संस्थानों में बुखार के आने वाले ऐसे मामले जो 14 दिन से ज्यादा हों तो डॉक्टर के द्वारा कालाजार के लक्षणों को क्लिनिकली जाँचने के बाद कालाजार किट से जांच की जाए।

सही समय पर एसपी पाउडर का छिड़काव जरूरी है।









# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मीडिया प्रतिनिधिगण को किया संबोधित

चाणक्य भूमि बेतिया

लोक सभा चुनाव के अवसर पर आज समाहरणालय सभाकक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी, श्री दिनेश कुमार राय ने मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित किया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि कल 25 मई को जिले में मतदान की प्रक्रिया सम्पन्न होगी। जिले के विभिन्न डिस्पैच सेंटरों से आज पोलिंग पार्टी अपने अपने निर्धारित मतदान केंद्रों की ओर रवाना हो गए हैं। जिलास्तर पर फंक्शनल कंट्रोल रूम से सभी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। अनुमंडल एवं प्रखंड स्तर पर भी कंट्रोल रूम क्रियाशील है।

उन्होंने बताया कि मतदान केंद्रों पर सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था है। इसके साथ ही अन्य व्यवस्थाएँ सुदृढ़ की गई है। मतदाता निर्भीक होकर अपने अपने मत का प्रयोग करें, इस हेतु तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा निर्वाचन से जुड़ी अन्य बातों की जानकारी मीडिया प्रतिनिधिगण को दी गयी।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, बेतिया, श्री अमरकेश डी, अपर समाहर्ता, श्री राजीव कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी, श्री लालबहादुर राय, अवर निर्वाचन पदाधिकारी, श्री यशलोक रंजन, श्री विवेक कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा, श्री सुजीत कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं प्रिंट तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# किसका कितना बोट घटा , किसका बढ़ा आज इवीएम में बंद हो जायेगा

चाणक्यभूमि बेतिया

- रात भर रातजगा करते रहे प्रत्याशी एवं उनके समर्थक
- वोट की प्रतिशत 65 पार करने की संभावना

शुक्रवार की रात प्रत्याशियों एवं उनके प्रबल समर्थकों- कार्यकर्ताओं के लिए रातजगा की रात थी। दलीय हो या निर्दलीय सभी उम्मीदवारों के हलक खुख रहे थे। प्रचार तो थम गया लेकिन जन सम्पर्क देर रात तक चलता रहा। वही बूथों की कमान जिम्मेवारी लिए कार्यकर्ता अपनी बूथ तैयारी के अंतिम रूप देने में लगे रहे।

किस उम्मीदवार का कितना वोट बढ़ा है, कितना किस उम्मीदवार को वोट घर कर किसके साथ जुटा है, का युणा-भाग आज इवीएम में बंद शेजावेग जो आसार नजर आरहे है, उसके अनुसार वाल्मीकिनगर मैं लोकसभा क्षेत्र में त्रिकोणात्मक संघर्ष की संभावना है। वही पश्चिम चम्पारण लोकसभा क्षेत्र में राजग गठबंधन एवं इण्डी गठबंधन के बीच आमने सामने के टक्कर होने की संभावना से इंकार नहीं किया जासकता। [मौसम का प्रचंड रूप है, तेज धूप होरही है। बावजूद दोनो ही कोजसमा क्षेत्र में 60-65% प्रतिशत से ज्यादा मतदान होने की संभावना है। जिला पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी दिनेश कुमार राय के भोजपुरिया लहजे में की गयी अपील तथा प्रशासन द्वारा चलाये गये मतदान जागरूकता अभियान का असर पड़ेगा । मतदाताओं ने भी ठान किया है, कि मौसम का शक जो भी रहेगा, मत मतदान तो करेंगे ही। यही नहीं बच्चे भी मतदान के प्रति जागरूक है। विभालयों में पढ़ाये गये पाठ के अनुसार, वे अपने घरों के लोगों की 'मतदान जरूर जाकर को का पाठ पढ़ा रहे हैं।












स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित । किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714